अनमोल वचन

"जीवन को असल में केवल वही जीते है जो मृत्यु को सहज स्वीकार कर सकते हैं।"

दैनिक समाचार पत्र

# जीत समाचार

जीत सच्ची खबर की

दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश

वर्ष : 13 अंक : 269 मूल्य : 2 रू पृष्ठ : 8

मंगलवार 16 जून 2026

RNI NO : PUNHIN/2013/60106 www.zeetsamachar.com


## आज का तापमान

अधिकतम -37 डिग्री सेल्सियस
न्यूनतम -26 डिग्री सेल्सियस

सूर्य अस्त(आज) -7:20
सूर्य उदय(कल) - 5:22

## संक्षिप्त न्यूज

### डी.आर.डी.ओ ने स्वदेश में विकसित लंबी दूरी की भू आधारित आक्रमण क्षमता वाली क्रूज मिसाइल का किया सफल परीक्षण



नई दिल्ली। रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन–डी.आर.डी.ओ ने आज ओडिशा के डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम द्वीप से लंबी दूरी की भू आधारित आक्रमण क्षमता वाली क्रूज मिसाइल का सफल परीक्षण किया है। यह मिसाइल स्वदेशी रूप से विकसित मिसाइल है, जिसके सभी उप–प्रणालियां डी.आर.डी.ओ की विभिन्न प्रयोगशालाओं और भारतीय उद्योग भागीदारों द्वारा विकसित की गई हैं। रक्षा मंत्रालय ने सोशल मीडिया पोस्ट में बताया कि मिसाइल ने अपने सभी लक्ष्य हासिल कर लिए हैं। मंत्रालय ने कहा कि यह सफल परीक्षण आत्मनिर्भर भारत और एक मजबूत राष्ट्रीय रक्षा प्रणाली की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम है।
रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने क्रूज मिसाइल के सफल उड़ान परीक्षण पर डी.आर.डी.ओ की टीम और उद्योग भागीदारों को बधाई दी है।

### अहमदाबाद पुलिस ने नीट परीक्षा से जुड़े स्कैम के आरोप में राजस्थान और बिहार के 3 लोगों को किया गिरफ्तार

अहमदाबाद। अहमदाबाद पुलिस ने नीट परीक्षा से जुड़े धोखाधड़ी और स्कैम के आरोप में राजस्थान और बिहार के तीन लोगों को गिरफ्तार किया है।
पुलिस की अपराध शाखा के संयुक्त पुलिस आयुक्त शरद सिंघल ने मीडिया को बताया कि राजस्थान के दो आरोपी सोशल मीडिया चौनल चला रहे थे और झूठा दावा कर रहे थे कि उनके पास नीट की दोबारा होने वाली परीक्षा के पेपर हैं और वे उन्हें बेच रहे हैं। हालांकि, उन्होंने बताया कि आरोपियों ने कोई भी पेपर लीक नहीं किया था, बल्कि वे छात्रों को ठगने के लिए सोशल मीडिया पर गुमराह करने वाले विज्ञापन दे रहे थे। बिहार का तीसरा आरोपी एक अलग स्कैम चला रहा था, जिसमें वह नीट परीक्षा फीस रिफंड करने का झूठा वादा करके उम्मीदवारों

# भारत और स्लोवाकिया ने द्विपक्षीय सहयोग को बढ़ाने के लिए 11 समझौतों पर हस्ताक्षर किए



नई दिल्ली (एजेंसी)। भारत और स्लोवाकिया ने अपने संबंधों को व्यापक साझेदारी के स्तर तक उन्नत करते हुए द्विपक्षीय सहयोग को बढ़ाने के लिए 11 समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और स्लोवाकिया के प्रधानमंत्री रॉबर्ट फिको के बीच हुई वार्ता के बाद प्रवासन, डिजिटल प्रौद्योगिकी और रक्षा जैसे विभिन्न क्षेत्रों में समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए।
दोनों नेताओं ने भारत–यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौते को जल्द से जल्द लागू करने की दिशा में काम करने पर भी सहमति व्यक्त की। इससे द्विपक्षीय आर्थिक संबंधों को महत्वपूर्ण रूप से मजबूती मिलने की उम्मीद है।
किसी भारतीय प्रधानमंत्री की इस यूरोपीय राष्ट्र की पहली यात्रा में, श्री मोदी ने कहा कि संबंधों को व्यापक साझेदारी का दर्जा देना साझा विश्वासों, प्राथमिकताओं और भविष्य का प्रतीक है। प्रधानमंत्री ने कहा कि उन्होंने श्री रॉबर्ट फिको के साथ संबंधों को नई दिशा देने के तरीकों पर चर्चा की।
श्री प्रधानमंत्री मोदी ने यह भी कहा कि भारत और स्लोवाकिया के बीच रक्षा सहयोग दोनों पक्षों के बीच गहरे आपसी विश्वास और रणनीतिक अभिसरण का प्रमाण है। दोनों नेताओं के बीच हुई वार्ता के बाद रक्षा सहयोग पर एक आशय पत्र को अंतिम रूप दिया गया। श्री मोदी ने कहा कि इससे दोनों पक्षों के रक्षा उद्योगों के बीच सहयोग को नई गति मिलेगी।
श्रम प्रवासन, रक्षा, डिजिटल प्रौद्योगिकी, उच्च शिक्षा और क्वांटम संचार के क्षेत्रों में हुए समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए। श्री मोदी और श्री रॉबर्ट फिको ने कुशल पेशेवरों की व्यवस्थित, सुरक्षित और कानूनी आवाजाही के लिए समर्थन व्यक्त किया और आवाजाही को सुगम बनाने के लिए श्रम प्रवासन के क्षेत्र में सहयोग पर समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर का स्वागत किया।
दोनों पक्षों ने एक सामाजिक सुरक्षा समझौते को शीघ्र पूरा करने की दिशा में काम करने पर भी सहमति व्यक्त की। यह समझौता भारत और स्लोवाकिया के बीच आवाजाही करने वाले कामकाजी पेशेवरों के कल्याण और सामाजिक सुरक्षा की रक्षा में योगदान देगा।
दोनों नेताओं ने परमाणु ऊर्जा और भू–तापीय ऊर्जा सहित ऊर्जा स्रोतों के विविधीकरण के माध्यम से ऊर्जा सुरक्षा, स्थिरता और लचीलेपन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से ऊर्जा क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने पर भी सहमति व्यक्त की। प्रधानमंत्री मोदी ने भारत–यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने में स्लोवाकिया के सहयोग के लिए श्री रॉबर्ट फिको के प्रति आभार व्यक्त किया। अपने संबोधन में, प्रधानमंत्री रॉबर्ट फिको ने भारत–यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौते की सराहना करते हुए इसे अब तक के सबसे महत्वाकांक्षी व्यापार समझौतों में से एक बताया।

# रेलवे ने गुजरात के अहमदाबाद डिवीजन के लिए 140 करोड़ रूपये की कवच परियोजना को मंजूरी दी

नई दिल्ली(एजेंसी)। रेलवे ने गुजरात के अहमदाबाद डिवीजन के लिए 140 करोड़ रुपये की कवच परियोजना को मंजूरी दे दी है। पश्चिमी रेलवे के अहमदाबाद डिवीजन के 48 ब्लॉक खंडों को कवर करते हुए पांच सौ 98 किलोमीटर के मार्ग पर कवच वर्जन 4.0 स्थापित करने की मंजूरी दी गई है।
इससे पहले, अहमदाबाद डिवीजन के लगभग सात सौ दो किलोमीटर के मार्ग पर कवच कार्य पहले ही स्वीकृत किया जा चुका था। इस परियोजना की मंजूरी के साथ, डिवीजन के शेष खंड भी कवच के दायरे में आ जाएंगे। इससे पूरे डिवीजन में स्वदेशी ट्रेन सुरक्षा प्रणाली के व्यापक विस्तार का मार्ग प्रशस्त होगा। रेलवे, सुरक्षा को मजबूत करने और ट्रेन संचालन को आधुनिक बनाने के अपने निरंतर प्रयासों के अंतर्गत अपने नेटवर्क में कवच का विस्तार कर रहा है।

दैनिक समाचार पत्र
जीत समाचार
www.zeetsamachar.com

## सभी तेल शोधक संयंत्र पर्याप्त कच्चे तेल के भंडार के साथ काम कर रहे हैं: सरकार




नई दिल्ली(एजेंसी) । सरकार ने कहा है कि सभी तेल शोधक संयंत्र पर्याप्त कच्चे तेल के भंडार के साथ पूरी क्षमता से काम कर रहे हैं और पेट्रोल और डीजल का पर्याप्त स्टॉक है। पश्चिम एशिया में हाल के घटनाक्रमों पर आज नई दिल्ली में आयोजित अंतर–मंत्रालयी संवाददाता सम्मेलन में पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने बताया कि पिछले चार दिनों में एक करोड़ 84 लाख सिलेंडर वितरित किए गए हैं। उन्होंने कहा कि इसी अवधि में लगभग 24 हजार 184 टन व्यावसायिक एलपीजी की बिक्री हुई है। संयुक्त सचिव ने इस बात पर जोर दिया कि सरकार ने औद्योगिक और वाणिज्यिक संस्थानों को खुदरा दुकानों से पेट्रोल और डीजल खरीदने पर अस्थायी रूप से रोक लगा दी है और उनसे कहा है कि वे अपनी जरूरतें अपने उपभोक्ता पंप से पूरी करें। सुश्री शर्मा ने बताया कि खुदरा दुकानों को निर्देश दिया गया है कि वे एक ग्राहक को प्रतिदिन अधिकतम 200 लीटर हाई स्पीड डीजल ही बेचें ताकि थोक खरीद को रोका जा सके, क्योंकि ऐसी दुकानों में असामान्य रूप से अधिक बिक्री देखी गई थी।

उर्वरक विभाग की संयुक्त सचिव वंदना प्रेयाशी ने कहा कि देश में उर्वरकों के स्टॉक की स्थिति सामान्य है। उन्होंने बताया कि चालू खरीफ सीजन में अब तक किसानों ने कुल 102 लाख मीट्रिक टन से अधिक रासायनिक उर्वरक खरीदे हैं, जो कुल आवश्यकता का लगभग 27 प्रतिशत है।

पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय के निदेशक ओपेश कुमार शर्मा ने बताया कि 62 हजार मीट्रिक टन से अधिक एलएनजी ले जाने वाले मालवाहक जहाज दिशा ने आज होर्मुज जलडमरूमध्य को सुरक्षित रूप से पार कर लिया है। उन्होंने कहा कि मंत्रालय ने अब तक तीन हजार से अधिक भारतीय नाविकों की सुरक्षित स्वदेश वापसी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

## फ्रांस का एवियन शहर जी–7 शिखर सम्मेलन की मेजबानी के लिए तैयार

फ्रांस(एजेंसी)। का एवियन शहर सोमवार रात वैश्विक कूटनीति का केंद्र बनने जा रहा है, जहां जी–7 देशों के नेता 52वें शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए एकत्र हो रहे हैं। शिखर सम्मेलन में नेताओं द्वारा वैश्विक असंतुलन को कम करने, प्रमुख भू–राजनीतिक संकटों को हल करने, बच्चों से संबंधित मुद्दों को संबोधित करने और संगठित अपराध के खिलाफ लड़ाई को मजबूत करने पर विचार–विमर्श करने की उम्मीद है। जी–7 देशों, अंतरराष्ट्रीय संगठनों और सहयोगी देशों के नेता शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए एवियन पहुंच रहे हैं। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रॉन, ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टारमर और ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला दा सिल्वा शिखर सम्मेलन स्थल पर पहुंच चुके हैं। अमरीका के राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप, ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टारमर और ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला दा सिल्वा जी–7 सम्मेलन स्थल पर पहुंच गए हैं। यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन और यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष एंटोनियो कोस्टा भी शिखर सम्मेलन स्थल पर पहुंच चुके हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए कल एवियन पहुंचेंगे।

# विश्व नेताओं ने अमरीका और ईरान के बीच शांति समझौते का स्वागत किया



अमरीका(एजेंसी)। विश्व नेताओं ने अमरीका और ईरान के बीच शांति समझौते का स्वागत किया है और इसे पश्चिम एशिया में स्थायित्व बहाल करने के दिशा में महत्वपूर्ण राजनयिक कदम बताया है।

कतर के प्रधानमंत्री शेख मोहम्मद बिन अब्दुल रहमान बिन जसीम अल थानी ने क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय मध्यस्थों की भूमिका की सराहना की है।

ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने इसे युद्ध समाप्त करने, क्षेत्रीय स्थिरता बनाए रखने और होर्मुज जलडमरूमध्य खोलने के लिए महत्वपूर्ण कदम बताया है।

जर्मनी के चांसलर फेड्रिक मर्त्ज ने समझौते को राजनयिक उपलब्धि बताया है।

फ्रांस के राष्ट्रपति एमेनुअल मैक्रों ने समझौता जल्दी लागू करने और होर्मुज जलडमरूमध्य में निर्बाध नौवहन फिर शुरू करने की अपील की है।

## ओमान तट के पास एक जहाज के इंजन में खराबी आने के बाद भारतीय चालक दल के सभी 14 सदस्यों को बचाया गया



ओमान (एजेंसी)। ओमान स्थित भारतीय दूतावास ने बताया है कि भारतीय ध्वज वाली नौका विराट–1 पर सवार सभी 14 भारतीयों को सुरक्षित बचा लिया गया है। इंजन खराब होने के कारण यह जहाज ओमान के तट के पास डूब गया था। दूतावास ने सोशल मीडिया पोस्ट में बताया कि सभी यात्री सुरक्षित हैं और मुबंई के लिए रवाना हो गए हैं।

## लंदन की अपीलीय अदालत ने फलस्तीन एक्शन संगठन को आतंकवादी संगठन घोषित किए जाने के निर्णय को वैध ठहराया

लंदन(एजेंसी)। लंदन की अपीलीय अदालत ने आज एक फैसले में ब्रिटिश सरकार द्वारा फलस्तीन एक्शन संगठन को आतंकवादी संगठन घोषित किए जाने के निर्णय को वैध ठहराया है। मुख्य न्यायाधीश सू कैर ने कहा कि यह समूह नागरिक अवज्ञा संगठन नहीं था, जैसा कि उसने दावा किया था। उन्होंने कहा कि समूह ने रक्षा कंपनियों और सैन्य ठिकानों की संपत्ति को नष्ट करने के लिए गुप्त इकाइयों का इस्तेमाल किया। इस फैसले ने फरवरी में तीन वरिष्ठ उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों के उस फैसले को पलट दिया, जिसमें संगठन पर प्रतिबंध को अनुचित माना गया था। ब्रिटेन सरकार ने जून 2025 में संगठन पर प्रतिबंध लगाया था।

## सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने मेघालय में 3214 करोड़ रूपये के कार्य की आधारशिला रखी



नई दिल्ली(एजेंसी)।सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने आज मेघालय में 3214 करोड़ रुपये के निवेश से चार नए राष्ट्रीय राजमार्गों और दो राष्ट्रीय राजमार्गों को उन्नत बनाने के कार्य की आधारशिला रखी।

शिलांग में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि निवेश आकर्षित करने रोजगार सृजन और गरीबी उन्मूलन के लिए बुनियादी ढांचे के विकास आवश्यक है। उन्होंने कहा कि सड़कें, परिवहन, बिजली और संचार विकास के प्रमुख स्तंभ हैं।

## रूस ने बीती रात राजधानी कीव और खार्किव पर सैकड़ों ड्रोन और दर्जनों मिसाइलों से हमला किया

रूस(एजेंसी)। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोद्यमिर जेलेंस्की ने कहा कि रूस ने बीती रात राजधानी कीव और खार्किव पर सैकड़ों ड्रोन और दर्जनों मिसाइलों से हमला किया। उन्होंने बताया कि इस हमले में 11 लोगों की मौत हो गई। इससे पहले कल जेलेंस्की और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने अमरीका के राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रम्प से अलग–अलग टेलीफोन पर बातचीत की थी। उधर, रूस–यूक्रेन युद्ध आज फ्रांस में हो रहे जी7 शिखर सम्मेलन में होने वाली वार्ता में भी चर्चा का विषय रहेगा।

जीत क्लासीफाइड
अपना क्लासिफाईड/ डिस्प्ले विज्ञापन
अपना नाम परिवर्तन, मकान,
शादी, जन्मदिन आदि के लिए सम्पर्क करे।
9803025111, 8878400009

# मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने लॉन्च की 'जल संजीवनी' पत्रिका, जल संरक्षण के क्षेत्र में हरियाणा की उपलब्धियों को मिलेगी नई पहचान



जीत समाचार हरियाणा। मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने आज जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग की महत्वपूर्ण योजनाओं और उपलब्धियों को जन–जन तक पहुँचाने के उद्देश्य से विभाग की नई पत्रिका 'जल संजीवनी' के प्रथम संस्करण का उद्घाटन किया।


**'शुद्ध जल, पर्याप्त जल' का संकल्प**

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा आज जल प्रबंधन और ग्रामीण पेयजल व्यवस्था के मामले में देश के अग्रणी राज्यों में अपनी एक विशिष्ट पहचान बना चुका है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के निरंतर प्रयासों और जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग की प्रभावी कार्यप्रणाली के कारण, प्रदेश 'शुद्ध जल, पर्याप्त जल' के संकल्प को तेजी से साकार करने की दिशा में आगे बढ़ रहा है।

**क्या है 'जल संजीवनी' का उद्देश्य?**

यह पत्रिका न केवल विभाग की जनकल्याणकारी गतिविधियों की जानकारी प्रदेश के नागरिकों तक पहुँचाएगी, बल्कि जल संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने में भी अहम भूमिका निभाएगी। पत्रिका के माध्यम से सरकार की नीतियों और जल प्रबंधन की आधुनिक तकनीकों को आम जनता तक सरल भाषा में पहुँचाया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि जल आपूर्ति से जुड़ी योजनाओं का लाभ अंतिम छोर पर बैठे नागरिक तक सुनिश्चित किया जाए।




## 12 गांवों में पहुंचे कृषि वैज्ञानिकों और अधिकारियों ने किसानों को आधुनिक और टिकाऊ खेती के अचूक मंत्र दिए




जीत समाचार करनाल।केंद्र सरकार के गौरवशाली 12 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में, कृषि तथा किसान कल्याण विभाग, करनाल द्वारा श्खेत बचाओ अभियानश के तहत एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला के सभी खण्डों के 12 गांवों में पहुंचे कृषि वैज्ञानिकों और अधिकारियों ने किसानों को आधुनिक और टिकाऊ खेती के अचूक मंत्र दिए।

## हरियाणा नए आपराधिक कानूनों के प्रभावी क्रियान्वयन में देशभर में अग्रणी बनकर उभरा

जीत समाचार हरियाणा। हरियाणा नए आपराधिक कानूनों के प्रभावी क्रियान्वयन में देशभर में अग्रणी बनकर उभरा है

मुख्य सचिव श्री अनुराग रस्तोगी की अध्यक्षता में हुई समीक्षा बैठक में बताया गया कि नेशनल न्यू क्रिमिनल लॉज डैशबोर्ड पर हरियाणा शीर्ष स्थान पर है। राज्य के सभी न्यायालयों में समन अब सीआईएस के माध्यम से इलेक्ट्रॉनिक रूप से जारी किए जा रहे हैं तथा नए आपराधिक कानूनों के तहत ई–चार्जशीट की स्वीकार्यता 90 प्रतिशत से अधिक हो चुकी है। हरसमय पोर्टल के जरिए 88.84 लाख से अधिक नागरिक आवेदनों का समयबद्ध निपटान कर हरियाणा पुलिस नागरिक सेवाओं के क्षेत्र में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रही है।

## लघु सचिवालय परिसर में तीन दिवसीय प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा




जीत समाचार हरियाणा। केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आमजन को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, नीतियों एवं उपलब्धियों से अवगत करवाने के उद्देश्य से 16 से 18 जून तक डीसी श्रीमती वर्षा खांगवाल के मार्गदर्शन में लघु सचिवालय परिसर में तीन दिवसीय प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा। वहीं संवाद भवन में स्कूली विद्यार्थियों के लिए कविता, निबंध, पेंटिंग सरीखी रचनात्मक गतिविधियां आयोजित की जाएंगी।

जिला सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा अधिकारी श्री दिनेश कुमार ने बताया कि प्रदर्शनी के माध्यम से विभिन्न विभागों की योजनाओं, विकास कार्यों एवं जनहित में किए गए कार्यों की जानकारी नागरिकों तक पहुंचाई जाएगी। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को केंद्र सरकार की प्रमुख योजनाओं, उपलब्धियों एवं जनकल्याणकारी पहलों से संबंधित जानकारी देने के साथ–साथ विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से जागरूक किया जाएगा।

दैनिक समाचार पत्र
# जीत समाचार
जीत सच्ची खबर की

www.zeetsamachar.com मंगलवार, 16 जून 2026

## सम्पादकीय

## संपादकीयः संपादक की कलम से

### "चिट्टा" एक धीमा जहर और तस्करी का जाल

आज के दौर में 'चिट्टा' (सिंथेटिक ड्रगध्हेरोइन का एक प्रकार) न केवल हमारे समाज, बल्कि युवा पीढ़ी के भविष्य के लिए भी एक गंभीर खतरा बनकर उभरा है। यह नशा जितनी तेजी से युवाओं को अपनी गिरफ्त में ले रहा है, उतनी ही तेजी से इसकी तस्करी का नेटवर्क भी फैल रहा है।

तस्करी का संगठित जाल

चिट्टा तस्करी का नेटवर्क बहुत ही सुनियोजित तरीके से काम करता है। इसके मुख्य बिंदु इस प्रकार हैं।

आपूर्ति श्रृंखला : इस नेटवर्क की जड़ें अक्सर अंतरराष्ट्रीय सीमाओं से जुड़ी होती हैं। यह नशा पड़ोसी देशों के रास्ते तस्करी होकर आता है और फिर बड़े तस्करों के माध्यम से छोटे डीलरों तक पहुँचता है।

सक्रियता का तरीकारू तस्कर अक्सर नए-नए रास्ते अपनाते हैं। वे युवाओं को, विशेषकर जो बेरोजगार हैं, आसानी से पैसे कमाने का लालच देकर अपना 'कूरियर' बना लेते हैं।

तकनीक का इस्तेमालः आजकल तस्कर सोशल मीडिया और एन्क्रिप्टेड मैसेजिंग ऐप्स का उपयोग कर रहे हैं, जिससे पुलिस की पकड़ से बचना उनके लिए आसान हो जाता है।

युवाओं पर प्रभाव

चिट्टा अन्य नशों की तुलना में अधिक घातक है क्योंकि यह बहुत कम मात्रा में भी मस्तिष्क और शरीर पर गहरा प्रभाव डालता है। इसके शिकार हुए युवा न केवल अपनी शारीरिक और मानसिक क्षमता खो बैठते हैं, बल्कि नशे की लत को पूरा करने के लिए वे चोरी, छीना-झपटी और अन्य आपराधिक गतिविधियों में भी शामिल होने लगते हैं।

चुनौती और समाधान

चिट्टा तस्करी को रोकने के लिए केवल पुलिस की कार्रवाई पर्याप्त नहीं है। इसके लिए एक सामूहिक प्रयास की आवश्यकता है।

कड़ी निगरानीरू पुलिस और खुफिया एजेंसियों को सीमाओं के साथ-साथ उन क्षेत्रों पर भी पैनी नजर रखने की जरूरत है जहाँ संदिग्ध गतिविधियाँ देखी जाती हैं।

जागरूकता अभियानरू स्कूलों, कॉलेजों और सामुदायिक स्तर पर नशे के प्रति जागरूकता फैलाना अनिवार्य है। युवाओं को यह समझाना होगा कि एक बार का सेवन भी जीवन भर की बर्बादी बन सकता है।

नशा मुक्ति केंद्ररू ऐसे केंद्रों की संख्या और गुणवत्ता बढ़ानी होगी जहाँ पीड़ित युवाओं को सम्मानजनक तरीके से सही उपचार और परामर्श मिल सके।

सामाजिक भागीदारीरू समाज को सतर्क रहना होगा। यदि कहीं भी संदिग्ध गतिविधि दिखाई दे, तो तुरंत संबंधित अधिकारियों को सूचित करना हर नागरिक का नैतिक कर्तव्य है।

निष्कर्ष

चिट्टा का कारोबार समाज के भीतर एक ऐसा दीमक है जो आने वाली पीढ़ी को खोखला कर रहा है। हमें यह समझने की आवश्यकता है कि यह केवल एक कानून-व्यवस्था का मुद्दा नहीं, बल्कि एक मानवीय संकट है। जब तक समाज, प्रशासन और परिवार एकजुट होकर इस नेटवर्क के खिलाफ खड़े नहीं होंगे, तब तक इस खतरे को पूरी तरह समाप्त करना कठिन है।

-कमल पवार




जय श्री गणेश

## जीत समाचार राशिफल

वैदिक ज्योतिष शास्त्र, वास्तु शास्त्र, अंक शास्त्र, सामुद्रिक शास्त्र, लाल किताब, हस्त रेखा, जन्म कुण्डली विश्लेषण और रत्नों की जानकारी के लिऐ आप सम्पर्क कर सकते हैं. पंडित जगदीप बाबा जी 'दिव्येश' 93186 82393, 70187 97214.

दिव्या दीप ज्योतिष कार्यालय

bawjiastrology@gmail-com

पंडित जगदीप बाबा जी 'दिव्येश'

दिनांक : 16 जून 2026, मंगलवार

### आज का राशिफल

**आज का पंचांग**

तिथि : द्वितीया 00:55 नक्षत्र रूआर्द्रा 04:13 करण : बालव, 02: 42 कौलव 00:55 पक्ष :शुक्ल पक्ष योग : वृद्धि 00:34 चन्द्रमा : मिथुन राशि राहुकाल 03:51 – 05:35 विक्रमी संवत् : 2083 शक सम्वत:1948 मास अमांतः ज्येष्ठ मास पूर्णिमांत :ज्येष्ठ शुभ मुहूर्त :अभीजित 11:53– 12:49.

**मेष राशि**
मन लगाकर काम करें। व्यापार–व्यवसाय उत्तम रहेगा। निजी समस्या का समाधान होगा.

**वृषभ राशि**
कर्म के प्रति पूर्ण समर्पण व उत्साह आप को महत्वपूर्ण पद दिलवा सकता है.

**मिथुन राशि**
आज वाणी पर नियंत्रण रखें। सकारात्मक विचारों के कारण प्रगति के योग बनेंगे। कार्यपद्धति में बदलाव होगा.

**कर्क राशि**
आजीविका में नए प्रस्ताव मिलेंगे जो आपके लिए शुभ रहेंगे। मित्रों में वर्चस्व बढ़ेगा। साहस, पराक्रम में वृद्धि संभव है.

**सिंह राशि**
दिन उपयुक्त है। किसी विशेष कार्य के होने से ईश्वर पर आस्था बढ़ेगी। पारिवारिक जीवन सुखद रहेगा.

**कन्या राशि**
अपनी आदतों से जीवनसाथी से तालमेल स्थापित नहीं हो सकेगा। आजीविका के क्षेत्र में प्रगति के योग बन रहे हैं.

**तुला राशि**
वाहन सुख मिलेगा। आर्थिक निवेश में सावधानी रखें। शीत से संबंधी विकार हो सकते हैं.

**वृश्चिक राशि**
आज आपके प्रयासों से आजीविका में परिवर्तन अथवा नवीन अवसर प्राप्त हो सकेंगे

**धनु राशि**
अपने काम करने के तरीकों को बदलें भाइयों से विवाद होंगे.

**मकर राशि**
आजीविका के नए साधन मिलेंगे। वाणी संयम रखें। यात्रा संभव है। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा.

**कुम्भ राशि**
मन की बात कहने से शांति मिलेगी। वाहन खरीदने का मन सार्थक होगा। आलस हावी रहेगा.

**मीन राशि**
धन प्राप्ति के स्रोत स्थापित होने के योग हैं। किसी विशेष वस्तु की प्राप्ति के लिए धैर्य एवं संयम बना रहेगा.

जीत समाचार TV
जीत सच्ची ख़बर की

जीत समाचार को हर जिले, शहर आदि से रिपोर्ट की आवश्यकता है। यदि आप में है दम तो मौका देंगे हम! जीत समाचार आपकी तीसरी आँख बन कर आपका मार्गदर्शन करेगा। आप के शहर मे कोई ऐसी खबर हो तो आप हमारी अखबार व टीवी में दिखाना चाहते है तो सम्पर्क करे।

9041090470

दैनिक समाचार पत्र
जीत समाचार
जीत सच्ची ख़बर की

मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक : कमल पवार द्वारा 11368, पवित्र नगर, बालिया कालोनी हैबोवाल कलां, लुधियाना से प्रकाशित एंव जीत लुधियाना प्रिंटर्स हैबोवाल लुधियाना से मुद्रित।

सम्पादक : कमल पवार इस अंक मे प्रकाशित एंव समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा उत्पन्न समस्त विवाद लुधियाना न्यायालय के अधीन होंगे।

R.N.I NO. PUN/HIN/2013/60106

Contact us :- +91-98030-25111.

# स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन: बठिंडा शहरी और मौर विधानसभा क्षेत्रों के स्टाफ को ट्रेनिंग दी गई: जिला चुनाव अधिकारी



जीत समाचार बठिंडा।

पंजाब में वोटर लिस्ट के स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन 2026 के प्रोसेस को सफल बनाने के लिए, जिला चुनाव अधिकारी–कम–डिप्टी कमिश्नर श्री राजेश धीमान आईएएस के नेतृत्व में जिला लेवल के मास्टर ट्रेनरों द्वारा बठिंडा शहरी और मौर विधानसभा क्षेत्रों के टेक्निकल स्टाफ और बीएलओ सुपरवाइजरों को एक छोटी ट्रेनिंग दी गई।

इस मौके पर जिला चुनाव अधिकारी ने कहा कि ट्रेनिंग के दौरान सभी बीएलओ सुपरवाइजरों और टेक्निकल स्टाफ को वोटर लिस्ट 2026 के स्पेशल डीप रिवीजन के रिवीजन प्रोसेस और गिनती फॉर्म भरने के सही तरीके के बारे में डिटेल में जानकारी दी गई। उन्हें फॉर्म में डाली जाने वाली डिटेल्स, जरूरी डॉक्यूमेंट्स और ऑनलाइन अपलोडिंग प्रोसेस के बारे में भी बताया गया।

जिला चुनाव अधिकारी ने कहा कि एसआईआर 2026 का मकसद हर एलिजिबल वोटर को वोटर लिस्ट में शामिल करना और हर इनएलिजिबल वोटर को वोटर लिस्ट से बाहर करना और वोटर लिस्ट को 100 परसेंट प्योर बनाना है। इसलिए, हर ठस्व 25 जून 2026 से 24 जुलाई 2026 तक अपने–अपने एरिया में घर–घर जाकर पूरी लगन और बिना भेदभाव के एन्यूमरेशन फॉर्म भरें। उन्होंने कहा कि फॉर्म भरते समय किसी भी एलिजिबल वोटर का नाम न छूटे और कोई गलत जानकारी न डाली जाए। एन्यूमरेशन फॉर्म भरने के लिए वोटर्स को हर तरह की मदद दी जाए।

बीएलओ को बताया गया कि उन्हें स्पेशल किट दी जाएंगी। वे 25 जून से घर–घर जाकर काम करना शुरू करेंगे। यह भी बताया गया कि हर ठस्व एक घर में तीन बार जाएगा। बठिंडा शहर की ट्रेनिंग सरकारी राजिंदरा कॉलेज के ऑडिटोरियम में हुई और मौड़ की ट्रेनिंग सरकारी सीनियर सेकेंडरी स्कूल (गर्ल्स) मौड़ में हुई, जहाँ सब डिविजनल मजिस्ट्रेट मौड़ श्री गुरजिंदर सिंह खास तौर पर मौजूद थे।

# स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन के तहत जिला लेवल पर नोडल ऑफिसर और सुपरवाइजर की ट्रेनिंग हुई




जीत समाचार फाजिल्का।

जिला चुनाव ऑफिसर–कम–डिप्टी कमिश्नर फाजिल्का श्रीमती अमरप्रीत कौर संधू के निर्देशों पर, जिला लेवल पर बनाए गए अलग–अलग सेल के नोडल ऑफिसर और चारों विधानसभा क्षेत्रों के सुपरवाइजर को स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन –2026 प्रोसेस को सफलतापूर्वक पूरा करने के लिए जिला एडमिनिस्ट्रेटिव कॉम्प्लेक्स में ट्रेनिंग दी गई।

मीटिंग की अध्यक्षता करते हुए एडिशनल डिप्टी कमिश्नर (जनरल) डॉ. मंदीप कौर ने बताया कि जिला चुनाव ऑफिस द्वारा बनाए गए अलग–अलग सेल में नोडल ऑफिसर तैनात कर दिए गए हैं और उनके साथ टीम मेंबर भी नियुक्त कर दिए गए हैं! सभी मौजूद लोगों को उनके दिए गए कामों के बारे में बताया गया और निर्देश दिए गए कि दिए गए कामों के अनुसार समय पर तैयारी पूरी कर ली जाए ताकि स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन प्रोसेस को सफलतापूर्वक पूरा किया जा सके।

इस मौके पर इलेक्शन तहसीलदार विभु जैन, इलेक्शन कानूनगो नवजोत सिंह और रवि कांत भी मौजूद थे!

## 25 जून से 24 जुलाई 2026 तक, बूथ लेवल ऑफिसर घर–घर जाकर काउंटिंग और एन्यूमरेशन फॉर्म बांटने और इकट्ठा करने का काम करेंगे




जीत समाचार गुरदासपुर(ब्यूरो)।

आज डिस्ट्रिक्ट इलेक्शन ऑफिसर–कम–डिप्टी कमिश्नर, गुरदासपुर की अध्यक्षता में कॉन्फ्रेंस हॉल, कमरा नंबर 416, बी–ब्लॉक, तीसरी मंजिल, डिस्ट्रिक्ट एडमिनिस्ट्रेटिव कॉम्प्लेक्स, गुरदासपुर में स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन के लिए डिस्ट्रिक्ट लेवल ट्रेनिंग प्रोग्राम आयोजित किया गया। जिला चुनाव अधिकारी ने बताया कि जिला प्रशासन स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन के काम को सुचारू रूप से चलाने के लिए पूरी तरह तैयार है और इस काम को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए इस ट्रेनिंग प्रोग्राम में शामिल जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर करण सोनी राकेश गुप्ता प्रिंसिपल, अमरिंदर सिंह,एसोसिएट प्रोफेसर अजय कुमार डोगरा, एसोसिएट प्रोफेसर संजीव महाजन, वरुण, दीपक कुमार और गुरपर्णम सिंह शामिल ने विधानसभा स्तर के मास्टर ट्रेनर, सुपरवाइजर और ईआरओएस सहायक ईआरओएस और जिला चुनाव कार्यालय के तकनीकीध्लिपिक कर्मचारियों कोस्पेशल इंटेंसिव रिवीजनकी बारीकियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनरों ने बताया कि 25 जून से 24 जुलाई 2026 तक बूथ लेवल अधिकारी घर–घर जाकर गिनती और गणना फॉर्म बांटेंगे और इकट्ठा करेंगे। ड्राफ्ट वोटर लिस्ट 3 अगस्त 2026 को पब्लिश की जाएगी। 3 अगस्त से 2 सितंबर 2026 तक क्लेम और ऑब्जेक्शन लिए जाएंगे, जिनका निपटारा 28 सितंबर तक किया जाएगा और वोटर लिस्ट का फाइनल पब्लिकेशन 1 अक्टूबर 2026 को किया जाएगा।

उन्होंने बताया किस्पेशल इंटेंसिव रिवीजन के दौरान ठस्व हर घर तक पहुंचेंगे। ट्रेनिंग के दौरान, सभी अफसरोंध्कर्मचारियों को स्पेशल इंटेंसिव रिवीजनके बारे में ट्रेनिंग मटीरियल दिया गया और उनके पूछे गए सभी सवालों के जवाब अच्छे से दिए गए। फील्ड का काम आसानी से करने के लिए जरूरी जानकारी भी दी गई।

इस मौके पर तहसीलदार इलेक्शन गुरदासपुर मनजिंदर सिंह, इलेक्शन कानूनगो सुनील कुमार, भूपिंदर सिंह, गगनजोत सिंह, अमित गुप्ता और गुरमीत सिंह भोमा और स्वीप टीम से गगनदीप सिंह भी मौजूद थे।




## साहनेवाल की रहने वाली हरप्रीत कौर, देश के जाने-माने इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी गुवाहाटी में एडमिशन पा लिया




जीत समाचार लुधियाना/साहनेवाल। लुधियाना के साहनेवाल की रहने वाली हरप्रीत कौर, जो एक दिहाड़ी मजदूर की बेटी हैं, ने देश के जाने–माने इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी गुवाहाटी में एडमिशन पा लिया है, और समाज ने यह पक्का किया कि उनके रास्ते में कोई रुकावट न आए। हरप्रीत का सिलेक्शन इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी गुवाहाटी के ऑनर्स डेटा साइंस और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस कोर्स के लिए हुआ है। उन्होंने 2023 में दसवीं क्लास में 94 परसेंट और 2025 में बारहवीं क्लास में 90 परसेंट से ज्यादा मार्क्स हासिल किए। उन्होंने गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी कैजुअल मेरिटोरियस स्कूल में पढ़ाई की। इसके अलावा, उन्होंने इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में अपनी जगह बनाने के लिए ज्मबीठमम सिलेक्शन प्रोसेस के सभी स्टेज दृ रिटन एग्जाम, ग्रुप डिस्कशन और इंटरव्यू – को सफलतापूर्वक पास किया। लेकिन इस बड़ी सफलता के पीछे एक मुश्किल सच्चाई थी। हरप्रीत के पिता खेतिहर मजदूर हैं और उनकी माँ हाउसवाइफ हैं। छह लोगों का परिवारकृमाता–पिता और तीन छोटे भाई–बहन, जो होशियार स्टूडेंट भी हैंकृलगभग ₹10,000 महीने की इनकम पर गुजारा करता है। ₹50,000 की एडमिशन फीस, जो 16 जून तक जमा करनी थी, परिवार के लिए एक बड़ी चुनौती थी।

जब हरप्रीत की कहानी लोगों तक पहुंची, तो लुधियाना और दूसरी जगहों के लोग इमोशनल हो गए। लुधियाना के डिप्टी कमिश्नर श्री हिमांशु जैन ने हरप्रीत की काबिलियत और परिवार की पैसे की जरूरत को देखते हुए, खुद ₹1,00,000 (एक लाख रुपये) का चेक देकर मदद की। इस मदद से न सिर्फ उसका एडमिशन पक्का हुआ बल्कि यह भी साबित हुआ कि जिला प्रशासन लुधियाना के टैलेंट को गरीबी की वजह से पीछे नहीं रहने देना चाहता।

जाने–माने इंडस्ट्रियलिस्ट श्री राकेश भारती मित्तल ने एक और बड़ा कदम उठाते हुए अपने नेहरू सिद्धांत केंद्र ट्रस्ट के जरिए हरप्रीत के ऑनर्स कोर्स के दौरान उसकी पढ़ाई का खर्च उठाने का फैसला किया है। इस तरह, उसे प्प्ज गुवाहाटी में अपनी पढ़ाई जारी रखने के लिए लगातार मदद मिलेगी। अपने संघर्ष के बारे में बात करते हुए, हरप्रीत ने पहले कहा था, "यह एडमिशन मेरा भविष्य बदल सकता है और मुझे अपने परिवार की मदद करने में मदद कर सकता है"

Samuh Samaj Sangathan (Regd.)
2007 to Update
अभी नहीं तो कभी नहीं
मानवता की रक्षा एवं सुरक्षित रखने का मौका।
सच्चाई से देश सेवा।
समूह समाज संगठन 2007 से जरूरतमंद लोगों की हमेशा से मदद करता आया है। यह तभी संभव होता है जब आप सभी लोग हमारे संगठन के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े होते है। आज की मुसीबत के समय में राशन और डेली जरूरत की सामग्री मस्क, सेनिटाइजर आदि इकठ्ठा करना जितना मुश्किल है। उससे मुश्किल इस सामग्री को बटना और लोगो तक पहुंचाना है।
किसी को हमारे संगठन के होते घबराने की जरूरत नहीं है हमारे संगठन के वॉलंटियर्स आपकी सेवा में हाजिर है। सम्पर्क करें।
9803025111,9872081907,7696420000,9872177784,8427566893

# वोटर लिस्ट को 100 परसेंट साफ–सुथरा बनाने के लिए ट्रेनिंग वर्कशॉप का आयोजन



जीत समाचार लुधियाना। पंजाब में वोटर लिस्ट के स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन –2026 को सफल बनाने के लिए, सोमवार को लुधियाना के बचत भवन के मीटिंग हॉल में जिला लेवल के मास्टर ट्रेनर्स द्वारा चुनाव क्षेत्र लेवल के मास्टर ट्रेनर्स को ट्रेनिंग देने के लिए दूसरे दिन की ट्रेनिंग वर्कशॉप का आयोजन किया गया और दो अलग–अलग बैच में ट्रेनिंग दी गई। इस संबंध में जानकारी देते हुए डिप्टी कमिश्नर–कम–जिला चुनाव अधिकारी हिमांशु जैन ने बताया कि एसआईआर प्रक्रिया को प्रभावी ढंग से और सुचारू रूप से लागू करने के लिए 15 जून को जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनरों (डीएलएमटी) द्वारा हलका 60–लुधियाना पूर्वी, 63–लुधियाना केंद्रीय, 64–लुधियाना पश्चिम, 65–लुधियाना उत्तर के सहायक चुनाव रजिस्ट्रेशन अधिकारियों, विधानसभा स्तर के मास्टर ट्रेनरों, तकनीकी कर्मचारियों और क्लर्क कर्मचारियों को सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक प्रशिक्षण दिया गया, जबकि हलका 68–दाखा, 69–रायकोट और 70–जगराओं के कर्मचारियों को दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक प्रशिक्षण दिया गया। हिमांशु जैन ने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान जिला मास्टर ट्रेनरों ने सहायक चुनाव रजिस्ट्रेशन अधिकारियों, विधानसभा स्तर के मास्टर ट्रेनरों, तकनीकी कर्मचारियों और क्लर्क कर्मचारियों को वोटर सूची की विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया और गणना फार्म भरने के तरीके के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्हें फॉर्म में डाली जाने वाली डिटेल्स, जरूरी डॉक्यूमेंट्स और ऑनलाइन अपलोडिंग प्रोसेस के बारे में भी बताया गया। डिप्टी कमिश्नर ने कहा किस्पेशल इंटेंसिव रिवीजनका मुख्य मकसद वोटर लिस्ट को 100 परसेंट साफ और अपडेटेड बनाना है। इसलिए हर बीएलओ 25 जून से 24 जुलाई 2026 तक अपने–अपने बूथ एरिया में घर–घर जाकर पूरी लगन और बिना भेदभाव के गिनती का फॉर्म भरेंगे। उन्होंने कहा कि फॉर्म भरते समय किसी भी योग्य वोटर का नाम न छूटे और कोई गलत जानकारी न डाली जाए।

# साउथ विधानसभा क्षेत्र में विकास की रफ्तार जारी

## एमएलए छीना ने 97 लाख के सीवरेज प्रोजेक्ट का उद्घाटन किया



जीत समाचार लुधियाना (कमल पवार)। – लुधियाना साउथ विधानसभा क्षेत्र के लोगों को एक और बड़ा तोहफा देते हुए डस्। राजिंदरपाल कौर छीना ने वार्ड नंबर 32 में सिंगला साइकिल रोड से ईस्टमैन चौक तक 24 इंच सीवर लाइन बिछाने के काम का उद्घाटन किया।

डस्। छीना ने कहा कि लगभग ₹ 92 लाख की लागत से पूरा होने वाला यह प्रोजेक्ट इलाके के सीवरेज मैनेजमेंट को और मजबूत करेगा और लोगों को लंबे समय से आ रही समस्याओं से राहत मिलेगी।

उन्होंने आगे कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार राज्य में लोगों की बुनियादी जरूरतों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा कर रही है। उन्होंने कहा कि साउथ विधानसभा क्षेत्र में विकास के काम बिना किसी भेदभाव के तेजी से चल रहे हैं और हर वार्ड में लोगों की जरूरतों के हिसाब से काम किया जा रहा है। इस मौके पर ।।च नेता सुखदेव सिंह गरचा, किशन कुमार, सतनाम सिंह मक्कड़, प्रभजीत भोला, हरप्रीत कंगनवाल और कुलवंत सिंह गरचा भी मौजूद थे और उन्होंने एक स्वर में कहा कि डस्। छीना के नेतृत्व में हलका साउथ में लगातार विकास के काम हो रहे हैं, जिससे लोगों का सरकार पर भरोसा और मजबूत हुआ है।

# हिमाचल प्रदेश के टांडा मेडिकल कॉलेज में 2 करोड़ का स्टेंट घोटाला: जांच में हुआ बड़ा खुलासा, मचा हड़कंप




जीत समाचार कांगड़ा(ब्यूरो)। हिमाचल प्रदेश के सबसे बड़े स्वास्थ्य संस्थानों में से एक, डॉ. राजेंद्र प्रसाद मेडिकल कॉलेज (टांडा) एक बार फिर विवादों के घेरे में है। कार्डियोलॉजी विभाग की एक अलमारी से लगभग 2 करोड़ मूल्य के स्टेंट और बैलून कैथेटर का अवैध स्टॉक बरामद हुआ है, जिसने सरकारी स्वास्थ्य व्यवस्था में भ्रष्टाचार की परतें उधेड़ दी हैं।

**क्या है मामला?**

हाल ही में स्टेंट की खरीद और इम्प्लांट में कथित गड़बड़ी की शिकायतों के बाद, वरिष्ठ डॉक्टरों की एक एक्सपर्ट कमेटी ने विभाग का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान एक अलमारी से भारी मात्रा में ऐसे स्टेंट और कैथेटर मिले, जिनका कोई आधिकारिक रिकॉर्ड (इन्वेंट्री) नहीं था।

हैरानी की बात यह है कि ये जीवन रक्षक उपकरण बिना किसी ऑथोराइजेशन के स्टोर किए गए थे। कॉलेज प्रिंसिपल ने इस घटना की पुष्टि करते हुए इसे बेहद गंभीर मामला बताया है और कहा है कि इसकी रिपोर्ट राज्य सरकार को भेज दी गई है।

**भ्रष्टाचार का 'आईसीयू' केस?**

जानकारों का मानना है कि 2 करोड़ का स्टॉक मिलना सामान्य अनियमितता नहीं, बल्कि एक सुनियोजित भ्रष्टाचार का संकेत है। इसके पीछे तीन मुख्य आशंकाएं जताई जा रही हैं।

**फर्जी खरीद या इस्तेमाल:** इतनी बड़ी मात्रा में स्टॉक का बिना रिकॉर्ड के पाया जाना खरीद प्रक्रिया में बड़े घोटाले की ओर इशारा करता है।

**मरीजों की जान के साथ खिलवाड़:** आशंका है कि गरीब मरीजों को सरकारी दरों पर स्टेंट उपलब्ध कराने के बजाय, इन उपकरणों का उपयोग अनुचित लाभ के लिए किया जा सकता था।

**सिस्टम की लापरवाही:** सवाल यह है कि कड़े ऑडिट नियमों के बावजूद करोड़ों का सामान विभाग तक कैसे पहुंच गया? क्या यह स्टोर से लेकर विभाग तक बैठे अधिकारियों की मिलीभगत है?

**स्वास्थ्य विभाग पर उठे सवाल**

स्टेंट की कीमतों पर नेशनल फार्मास्युटिकल प्राइसिंग अथॉरिटी द्वारा कैप लगाए जाने के बाद से ही देशभर में ऐसे स्टेंट घोटाले सामने आते रहे हैं। टांडा में बरामदगी ने साबित कर दिया है कि सरकारी अस्पतालों की कैथ लैब में 'डॉक्टर–वेंडर–दलाल' का एक खतरनाक गठजोड़ सक्रिय हो सकता है।

**क्या मांग कर रहे हैं विशेषज्ञ?**

इस पूरे मामले को रफा–दफा न करने के लिए विशेषज्ञों ने '5–पॉइंट पोस्टमॉर्टम प्लान' की मांग की हैरू

**क्रिमिनल एफआईआर:** केवल विभागीय जांच नहीं, बल्कि दोषियों के खिलाफ आईपीसी की धाराओं के तहत आपराधिक मुकदमा दर्ज हो।

**फोरेंसिक ऑडिट:** पिछले तीन वर्षों के सभी स्टेंट इम्प्लांट्स का बारीकी से मिलान हो।

पारदर्शितारू हर सरकारी कैथ लैब में क्यूआर–कोड आधारित रियल–टाइम इन्वेंट्री सिस्टम लागू हो।

**मरीजों की सुरक्षा:** प्रभावित मरीजों की पहचान कर उनसे फीडबैक लिया जाए।

**व्हिसलब्लोअर सुरक्षा:** मामले को उजागर करने वाले को संरक्षण मिले।

**निष्कर्ष:** टांडा मेडिकल कॉलेज की अलमारी से निकला यह माल महज सरकारी संपत्ति का दुरुपयोग नहीं है, बल्कि मरीजों के भरोसे का कत्ल है। अब सबकी निगाहें इस पर टिकी हैं कि क्या सरकार इस बार दोषियों को सजा दिलाएगी, या यह फाइल भी पुरानी फाइलों की तरह 'जांच के वेंटिलेटर' पर दम तोड़ देगी?

## चढ़ियार गैस सर्विसः आज 16 जून को इन क्षेत्रों में होगी गैस सिलेंडर की डिलीवरी



जीत समाचार चढ़ियार। चढ़ियार गैस सर्विस ने अपने उपभोक्ताओं के लिए गैस वितरण कार्यक्रम की सूचना जारी की है। एजेंसी द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, आज 16 जून 2026 को निर्धारित क्षेत्रों में गैस सिलेंडरों का वितरण किया जाएगा।

**इन क्षेत्रों में पहुंचेगी गाड़ी:**

वितरण कार्यक्रम के तहत नेतरू, हलेड, थनपाल, चंबी, घुघराड, टनडर, खालटा, नोहरा, चकोल, घाड, बही, सकरी, बाबा काठक, भराड़ी, रैनावाड़ी, गाड़ियारा, गांधीग्राम, पहलून, जमरेला, महालपट, सुकराना, शीतला चौक और हाड़ी में सेवाएं उपलब्ध रहेंगी। इसके अतिरिक्त, महाकाल लिंक रोड और थारा लिंक रोड के उन हिस्सों में भी डिलीवरी की जाएगी जहाँ छोटे ऑटो की पहुंच संभव है।

**कार्यालय में भी उपलब्ध रहेगा स्टॉक**

जो उपभोक्ता निर्धारित क्षेत्रों में अपनी बारी का इंतजार नहीं करना चाहते या जिनके क्षेत्र में वितरण नहीं है, वे कल सीधे चढ़ियार गैस सर्विस कार्यालय आकर भी अपना सिलेंडर प्राप्त कर सकते हैं। कार्यालय में दिन भर सिलेंडर वितरण की सुविधा उपलब्ध रहेगी।

**संपर्क और सहायता**

एजेंसी ने स्पष्ट किया है कि गैस वितरण से संबंधित किसी भी प्रकार के सुझाव या शिकायत के लिए उपभोक्ता कार्यालय के कामकाजी घंटों (सुबह 10:00 बजे से शाम 6:00 बजे तक) के दौरान संपर्क कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें:01894–257444, 01894–257666

# भवारना के कैफे में पनीर में नमक कम-ज्यादा होने पर बवाल, फायरिंग से मचा हड़कंप

जीत समाचार भवारना(रवि कुमार)।हिमाचल प्रदेश के भवारना क्षेत्र में एक कैफे में खाने की गुणवत्ता को लेकर हुए मामूली विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। स्थिति तब और बिगड़ गई जब विवाद के दौरान कथित तौर पर हवाई फायरिंग की गई, जिससे इलाके में दहशत का माहौल बन गया। भवारना पुलिस ने घटना का संज्ञान लेते हुए मामला दर्ज कर लिया है और मौके से एक पिस्तौल भी बरामद की है।

**क्या है पूरा मामला?**

मिली जानकारी के अनुसार, विवाद की शुरुआत कैफे में परोसे गए पनीर में नमक अधिक होने की शिकायत से हुई। देखते ही देखते यह बहस तीखी कहासुनी और फिर मारपीट में बदल गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, विवाद के दौरान कैफे में मौजूद लोगों में अफरा–तफरी मच गई और अपनी जान बचाने के लिए लोगों को वहां से भागना पड़ा।

**आरोप: मारपीट, लूटपाट और बंधक बनाने की कोशिश**

पीड़ित पक्ष द्वारा दी गई शिकायत के अनुसार, हमलावरों ने न केवल एक युवक के साथ बुरी तरह मारपीट की, बल्कि उसका मोबाइल फोन और सोने की चेन भी छीन ली। आरोप है कि हमलावरों ने होटल के मुख्य द्वार को बंद कर अंदर मौजूद लोगों को बंधक बना लिया। इस दौरान एक रिश्तेदार के मौके पर पिस्तौल लेकर पहुंचने और कथित तौर पर फायरिंग करने की भी बात सामने आई है। साथ ही, घटना के सबूत मिटाने के लिए सीसीटीवी फुटेज से छेड़छाड़ की आशंका भी जताई गई है।

**पुलिस की कार्रवाई**

घटना की सूचना मिलते ही भवारना पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जांच अधिकारियों ने पुष्टि की है कि मौके से एक पिस्तौल बरामद की गई है, जिसका लाइसेंस एक्सपायरी बताया जा रहा है।

**क्या बोले अधिकारी?**

पुलिस का कहना है कि मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए हर पहलू की बारीकी से जांच की जा रही है। साक्ष्यों को जुटाया जा रहा है और सीसीटीवी फुटेज की भी फॉरेंसिक जांच करवाई जा सकती है। पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि जांच पूरी होने के बाद ही घटनाक्रम की सही तस्वीर सामने आएगी और दोषियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

दैनिक समाचार पत्र
जीत समाचार
www.zeetsamachar.com

# राज्यपाल ने कांगड़ा स्थित वेद आश्रम में स्वामी राम स्वरूप योगाचार्य से की भेंट



जीत समाचार धर्मशाला। राज्यपाल श्री कविंद्र गुप्ता ने अपने कांगड़ा प्रवास के दौरान योल स्थित वेद आश्रम का दौरा किया। इस अवसर पर उन्होंने वेद आश्रम के संस्थापक एवं प्रख्यात वैदिक विद्वान स्वामी राम स्वरूप योगाचार्य से भेंट कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया तथा प्रदेशवासियों की सुख–समृद्धि, शांति और कल्याण के लिए प्रार्थना की।

राज्यपाल ने कहा कि भारतीय संस्कृति और सभ्यता की मूल चेतना वेदों में निहित है तथा वेद ज्ञान मानवता को सत्य, सदाचार और नैतिक मूल्यों के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में आध्यात्मिक मूल्यों और सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण की आवश्यकता पहले से कहीं अधिक है।

उन्होंने कहा कि स्वामी राम स्वरूप योगाचार्य द्वारा वेदों के अध्ययन, अनुसंधान और प्रचार–प्रसार के लिए किए जा रहे प्रयास अत्यंत सराहनीय हैं। यह कार्य न केवल भारतीय ज्ञान परंपरा को सशक्त बना रहा है, बल्कि युवा पीढ़ी को अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जोड़ने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

राज्यपाल ने कहा कि ऐसे आश्रम समाज में नैतिकता, आध्यात्मिकता और मानव कल्याण के मूल्यों को बढ़ावा देने का कार्य करते हैं। उन्होंने आशा व्यक्त की कि वेद आश्रम भविष्य में भी वैदिक ज्ञान के प्रसार और समाज के नैतिक उत्थान के लिए इसी प्रकार योगदान देता रहेगा।

इस अवसर पर जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी तथा आश्रम से जुड़े गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित रहे।




# हमीरपुर: नवनिर्वाचित प्रधानों व उप-प्रधानों ने ली पद और गोपनीयता की शपथ, यादविंद्र गोमा ने दिलाई शपथ



जीत समाचार हमीरपुर (ब्यूरो)।
जिला हमीरपुर में लोकतांत्रिक प्रक्रिया को मजबूत करते हुए नवनिर्वाचित पंचायत प्रतिनिधियों का भव्य शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित श्री यादविंद्र गोमा जी ने जिले की सभी 242 पंचायतों के नवनिर्वाचित प्रधानों एवं उप–प्रधानों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई।

**जनसेवा का संकल्प**

शपथ ग्रहण के उपरांत नवनिर्वाचित प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए श्री यादविंद्र गोमा ने कहा कि पंचायतों के माध्यम से ही विकास की नींव मजबूत होती है। उन्होंने सभी प्रधानों और उप–प्रधानों से आह्वान किया कि वे अपनी पंचायतों के सर्वांगीण विकास के लिए पूरी निष्ठा और पारदर्शिता के साथ कार्य करें। उन्होंने जोर देकर कहा कि ग्रामीण स्तर पर सरकारी योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक पहुंचाना उनकी प्राथमिकता होनी चाहिए।

**बधाइयों का दौर**

कार्यक्रम के दौरान पूरे जिला हमीरपुर के नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों में उत्साह का माहौल रहा। श्री यादविंद्र गोमा ने सभी नवनिर्वाचित प्रधानों एवं उप–प्रधानों को हार्दिक बधाई दी और उनके सफल कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं व्यक्त कीं। उन्होंने आशा जताई कि ये प्रतिनिधि अपने–अपने क्षेत्र में विकास की नई इबारत लिखेंगे और स्थानीय समस्याओं का समाधान करने में तत्पर रहेंगे।

इस अवसर पर प्रशासन के उच्च अधिकारी, स्थानीय गणमान्य व्यक्ति और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# शिमला क्रिकेट कार्निवल 2026: युवाओं में भरा जोश, 'नशा छोड़ो, खेल अपनाओ' का लिया संकल्प



जीत समाचार शिमला। 'शिमला क्रिकेट कार्निवल 2026' का समापन समारोह जोश और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत कर युवाओं के अदम्य साहस और खेल के प्रति उनके समर्पण को करीब से देखने का अवसर मिला। इस अवसर पर विधायक हरीश जनारथा और अन्य गणमान्य व्यक्ति विशेष रूप से उपस्थित रहे।

**खेल सिर्फ मैदान तक सीमित नहीं, जीवन की पाठशाला है**

समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि ने कहा कि जब एक युवा खिलाड़ी मैदान में बल्ला थामकर उतरता है, तो वह केवल रन नहीं बनाता, बल्कि जीवन की चुनौतियों से जूझने का हौसला भी जुटाता है। उन्होंने खेल को जीवन का अभिन्न हिस्सा बताते हुए युवाओं का आह्वान किया कि वे अपनी ऊर्जा को रचनात्मक दिशा दें।

**'नशा मुक्त हिमाचल' का संदेश**

कार्यक्रम के दौरान युवाओं को चिट्टे और अन्य घातक नशों से दूर रहने की शपथ दिलाई गई। श्नशा छोड़ो, खेल खेलोश के नारे को दोहराते हुए यह संदेश दिया गया कि स्वस्थ समाज के निर्माण के लिए नशे से दूरी और खेलों से जुड़ाव अनिवार्य है। यह अभियान न केवल वर्तमान पीढ़ी के लिए, बल्कि आने वाले भविष्य के लिए भी एक सुरक्षित नींव साबित होगा।

**उन साथियों को याद किया, जो अब हमारे बीच नहीं**

समारोह के दौरान उन दिवंगत साथियों को भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई, जिन्होंने इस क्रिकेट कार्निवल की नींव रखने और इसे सींचने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया था। आयोजकों ने कहा कि वे इस श्क्रिकेट परिवारश की आत्मा हैं और उनकी स्मृतियां सदैव प्रेरणा का स्रोत बनी रहेंगी।

**हिमाचल को आगे ले जा रहा युवा संकल्प**

आयोजन की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए मुख्य अतिथि ने खिलाड़ियों और आयोजन मंडल की जमकर सराहना की। उन्होंने कहा, ष्मुझे गर्व है कि हमारे युवा न केवल खेल के क्षेत्र में प्रदेश का नाम रोशन कर रहे हैं, बल्कि सामाजिक चेतना के प्रति भी उतनी ही जिम्मेदारी निभा रहे हैं।

समापन समारोह में बड़ी संख्या में युवाओं और खेल प्रेमियों ने भाग लिया, जिससे पूरे वातावरण में सकारात्मकता और नई ऊर्जा का संचार हुआ।